

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 25.06.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 25.06.2021 को नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा नगर निगम की सम्पत्तियों के किराये के निर्धारण हेतु की गई नीलामी।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 25.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर आज दिनांक 25.06.2021 को सहायक नगर आयुक्त/नीलाम अधिकारी मधुसूदन लाल आर्य के द्वारा नगर निगम कार्यालय में नगर निगम की सम्पत्तियों के किराये के निर्धारण हेतु नीलामी की गई। नगर निगम, शाह द्वारा जारी विज्ञिप्ति दिनांक 16.06.2021 जिसका प्रकाशन दैनिक अमर उजाला व दैनिक जागरण समाचार पत्रों में दिनांक 17.06.2021 के अंक में प्रकाशित हुआ है के अनुसार आज दिनांक 25.06.2021 के निम्न लिखित भूमि के दिनांक 01.07.2021 से 31.05.2021 तक के किराये के निर्धारण हेतु नीलामी होनी नियत थी।

    1. ग्राम ककरा काकर कुंड में पार्क के अन्दर 9.0660 हे0 भूमि में से पेड़–पौधों के बीच की खाली भूमि।
    2. ग्राम ककरा काकर कुंड में पार्क के बाहर 1.4010 हे0 भूमि।
    3. चिनौर में 0.2470 हे0 भूमि।
    4. ग्राम अजीजगंज में 1.5130 हे0 भूमि।
    5. जलालनगर बाहर चुंगी में 1.4140 हे0 भूमि।

    उपरोक्त में से ककरा काकर कुंड में पार्क के अन्दर पेड़–पौधों के बीच की खाली भूमि की किराये की नीलामी 17,500/– रुपयें में सर्वोच्च बोली दाता दक्षिता कान्स्ट्रक्शन प्रो0 आशुतोष कुमार नि0 महमंद हद्दफ के पक्ष में तथा ग्राम अजीजगंज में 1.5130 हे0 भूमि की नीलामी 22,000/– रुपये में सर्वोच्च बोली दाता विक्रम वर्मा पुत्र नन्हूलाल वर्मा नि0 ककरा के में पक्ष में सम्पन्न हुई। शेष भूमियों के लिये कोई नीलाम प्रतिभागी उपस्थित नही हुआ। नीलामी में नगर के सम्भ्रान्त नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है।

जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 25.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, लोधीपुर, आवास विकास कॉलोनी, दिलाजाक, सुभाषनगर कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा मंसूरी कॉलोनी, ककरा, कृष्णानगर कॉलोनी, पोस्टमार्टम हाउस रोड, बहादुरपुरा व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अन्तर्गत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, वर्कजई, आनन्दपुरम कॉलोनी, सिंजई, मदराखेल, हयातपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, जिला अस्पताल, नवादा, नवादा जेल, चारखम्भा, अब्दुल्लागंज एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज, तारीन गाड़ीपुरा, अहमदपुर निवाजपुर, अहमदपुर रेती, हाण्डा कॉलोनी, निवाजपुर स्थित एस0बी0आई0 बैंक में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5187 स्थलों एवं 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 25.06.2021 को सफाई जोन–1 में चिनौर एवं श्यामतगंज गौटिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में बीबीजई हद्दफ एवं मो0 अंटा में दादा मियां की मजार के पास बने नाले एवं हद्दफ चौकी के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 खलीलशर्की एवं चौभुर्जी में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में घूरन तलैय्या में गुरुद्वारा के सामने बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के सराय काईयॉ में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।